**Please print the letter below and photocopy onto school letterhead before distribution**

हाल ही में हुए सामुदायिक हादसों के बारे में माता-पिता के लिए पत्र
Letter to parents regarding recent community events

प्रिय माता-पिता/देखभाल कर्ता

हाल ही में हुए सामुदायिक हादसों से संबंधित प्रतिक्रिया के रूप में, आपके स्कूल ने निम्नलिखित क़दम उठाए हैं।

विद्यार्थियों को आश्वासन दिया गया कि स्कूल का वातावरण सभी के लिए सुरक्षित बना रहेगा। विद्यार्थियों को विद्यार्थी कल्याण व जातिवाद-विरोधी नीतियों के प्रावधान के बारे में याद दिलाया गया, जिनसे यह सुनिश्चित होता है कि यदि वे व्यक्तिगत रूप से किसी तरह की यातना का अनुभव करते हैं तो उन्हें सहायता प्रदान की जाएगी।

विद्यार्थियों को अवसर दिया गया कि वे अपनी भावनाओं के बारे में बताएँ और उन्हें याद दिलाया गया कि यदि वे चिन्तित या परेशान हों तो वे स्कूल काऊन्सलर या अन्य स्टाफ़ के पास जा सकते हैं। जिस विद्यार्थी को भी आवश्यकता होगी, हमारी लगातार उपलब्ध सहायता उसे प्रदान की जाएगी।

यह बहुत उपयोगी होगा कि आप अपने बच्चों से इन हादसों के बारे में बात करें व उन्हें उत्साहित करें कि वे सभी लोगों के प्रति, स्कूल व आम समुदाय दोनों जगह, सहनशील व सावधान रहें।

जो बच्चे कठिन स्थितियों का सामना कर रहें हैं उनके लिए घर पर साधारण दिनचर्या व रुचियों को बनाए रखना लाभदायक होता है।

यदि आपको अपने बच्चे के बारे में कोई विशेष चिन्ता है तो कृपया स्कूल से संपर्क करें और जितनी जल्द से जल्द हो सकेगा, आपको स्कूल द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी।

यदि स्कूल से संपर्क करने में मदद के लिए आपको दुभाषिए की आवश्यकता है तो कृपया टेलीफ़ोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर फ़ोन करें और अपनी भाषा में दुभाषिया माँगें। ऑपरेटर आपको बात-चीत करने में मदद करने के लिए टेलीफ़ोन लाईन पर दुभाषिए का प्रबंध करेगा। इस सेवा के लिए आपको कोई  खर्चा नहीं देना होगा।

आपका भवदीय/आपकी भवदीया

प्रधानाचार्य (Principal)